भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1868

उत्तर देने की तारीख 14 मार्च, 2022 (सोमवार)

23 फाल्गुन, 1943 (शक)

प्रश्न

पूर्वोत्तर क्षेत्र हेतु पीएम डिवाइन

1868. डॉ. जयंत कुमार राय:
श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः
श्री भोला सिंहः
डॉ. सुकान्त मजूमदारः
श्री विनोद कुमार सोनकरः
श्री राजा अमरेश्वर नाईकः
श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या):

क्या **उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र हेतु प्रधान मंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) योजना को लागू करने का प्रस्ताव दिया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या पीएम-डिवाइन योजना में पीएम गतिशक्ति और पूर्वोत्तर में सामाजिक विकास परियोजनाओं की भावना से बुनियादी ढांचे को वित्तपोषित करने का प्रस्ताव है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) पीएम-डिवाइन के तहत सरकार द्वारा इसमें किए गए बजटीय प्रावधानों सहित क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ड.) जी, हाँ । केंद्रीय बजट 2022-23 में एक नई स्कीम नामतः पूर्वोत्तर क्षेत्र हेतु प्रधान मंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) की घोषणा की गई है जो पीएम गतिशक्ति की भावना से अवसंरचना और

पूर्वोत्तर की आवश्यकताओं के आधार पर सामाजिक विकास की परियोजनाओं का वित्तपोषण करेगी । पीएम-डिवाइन विभिन्न क्षेत्रों में कमियों को दूर करके युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका कार्यकलापों को संभव बनाएगी परंतु यह मौजूदा केंद्रीय और राज्य स्कीमों का विकल्प नहीं होगी । बजट भाषण 2022-23 के अनुसार 1500 करोड़ रूपये का प्रारंभिक आवंटन कर दिया गया है; और परियोजनाओं की प्रारंभिक सूची नीचे तालिका । में दी गई हैः-

तालिका 1: पीएम-डिवाइन के तहत परियोजनाओं की प्रारंभिक सूची

क्र.सं.	परियोजना का नाम	कुल अनुमानित लागत (करोड़ रूपये में)
1	उत्तर-पूर्व भारत, गुवाहाटी (बहु-राज्य) में बाल चिकित्सा और वयस्क हीमोटोलिम्फोइड कैंसर के प्रबंधन के लिए समर्पित सेवाओं की स्थापना	129
2	नेक्टर आजीविका सुधार परियोजना (बहु-राज्य)	67
3	उत्तर पूर्व भारत (बहु-राज्य) में वैज्ञानिक जैविक कृषि को बढ़ावा देना	45
4	पश्चिमी ओर से आइजोल बाय-पास का निर्माण	500
5	पश्चिम सिक्किम में पैलिंग से सांगा-चोलिंग के लिए यात्री रोपवे प्रणाली हेतु गैप फंडिंग	64
6	दक्षिण सिक्किम में धापर से भालेधुंगा तक इको-फ्रेंडली रोपवे (केबल कार) के लिए गैप फंडिंग	58
7	मिजोरम राज्य के विभिन्न जिलों में विभिन्न स्थानों पर बांस लिंक रोड के निर्माण के लिए पायलट परियोजना	100
8	अन्य (पहचानी जानी हैं)	537
	कुल	1,500

****